## महत्वपूर्ण एवं खास

### शहर के जूटमिल सहित तमनार, लैलूंगा पूंजीपथरा में लॉकडाउन उल्लंघन पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस द्वारा दिनांक 18.04.021 को लाकडाउन ड्यूटी, देहात भ्रमण दौरान कोडातराई गेट के पास सजन कुमार अग्रवाल पिता स्व0 कुदन अग्रवाल उम्र 61 साल साकिन कोडातराई एवं बनसियां में जितेन्द्र पटेल पिता लोहर सिंह पटेल उम्र 22 साल साकिन बनसियां को बिना मास्क पहने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न कर किराना दुकान खोलकर सामान बिक्री करते पाया गया, जिन पर धारा 269,270 भादवि की कार्यवाही की गई है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा गेरवानी के पास रिंकु ढाबा के मालिक राकेश कुमार खुराना को रात्रि करीब 19.30 बजे कोविड-19 नियमों को तोड़कर बिना मास्क और सामाजिक दूरी का पालन किये बगैर वाहन चालकों को खाने पीने का समान बेचते हुये पकड़े। तमनार पुलिस द्वारा ग्राम नागरामुडा में गीता चौहान नामक की महिला को 10-12 लोगों को इकठ्ठा कर बिना मास्क के भवन निर्माण कार्य कराते हुये पकड़े। लैलूंगा थानाक्षेत्र में तहसीलदार लैलूंगा द्वारा क्षेत्र के भ्रमण दौरान अशोक अग्रवाल पिता बनारसी दास अग्रवाल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम सुरंगपानी, पत्थलगांव जिला जशपुर को लैलूंगा थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पाकरगांव में 10 से 11 लोगों के भीड़ इक्ट्ठी कर महुआ की खरीदी किया जा रहा था, जिसके पास कोई वैध कागजात खरीदी-बिक्री के संबंध में नहीं था, जबकि जिले में धारा 144 प्रभावशील है। सभी मामलों में नामजद एफआईआर धारा 269, 270 भादवि के तहत थानों में दर्ज किये गये हैं।

### कोविड मरीजों के उपचार के लिए सुविधा व संसाधन हेतु सहायता राशि की अपील

**रायगढ़ ।** रायगढ़ जिले में कोरोना वायरस कोविड-19 से संक्रमित व्यक्तियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संक्रमित व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ तथा उपचार हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयार किए गए जिला कोविड अस्पताल, एमसीएच एवं कोविड केयर सेंटर केआईटी रायगढ़ में रखा गया है। कोविड-19 से संक्रमित मरीजों को बेहतर सुविधा जैसे ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटीलेटर, मास्क, दवाई उपलब्ध कराने हेतु समस्त दानदाताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, चेंबर ऑफ कॉमर्स, चेम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज एवं उद्योगों से उक्त कार्य हेतु सहायता राशि प्रदान किए जाने हेतु जिला प्रशासन ने अपील किया है। समस्त इच्छुक दानदाता बैंक खाते में सहयोग सहायता राशि जमा कर सकते हैं।

**बैंक खाते का विवरण -** खाता का नाम- सिविल सोसाईटी ऑर्गेनाइजेशन] खाता क्रमांक-39235868392 ] बैंक का नाम- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ] शाखा का नाम- चक्रधर नगर, रायगढ़ (छ.ग.)] आईएफएससी कोड- एसबीआईएन0004802

### लाकडाउन में कोरोना संक्रमण की दर 22 प्रतिशत घटी

**रायपुर (आरएनएस)।** देशभर में तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण के बढ़ते आकड़ों के बीच छत्तीसगढ़ से एक राहत देने वाली खबर भी है. यहां संक्रमण दर में गिरावट दर्ज की गयी है. छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख जिलों में संक्रमण की दर में कमी आई है. यहां दुर्ग में संक्रमण की दर में 22 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. गिरावट के ताजा आंकड़ों पर सरकार कुछ राहत जरूर महसूस कर सकती है, लेकिन वहीं वह कोरोना को लेकर लगातार सक्रिय नजर आ रही है. कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर कड़ी पाबंदियां जारी हैं.

# 4 आरोपियों से एक करोड पैंतीस लाख की सट्टा-पट्टी, 4 लाख के इलेक्ट्रानिक डिवाइस व 35 हजार नकदी जब्त

## लॉकडाउन के बीच लुकछिप कर क्रिकेट सट्टा खेले रहे ठिकाने पर कोतवाली पुलिस ने की रेड

**रायगढ़।** एसपी संतोष सिंह के निर्देशन पर आईपीएल सट्टे पर प्रभावी कार्यवाही करते हुये दिनांक 12.04.2021 को थाना सिटी कोतवाली प्रभारी टीआई मनीषचन्द्र नागर के साथ हमराह स्टाफ द्वारा शहर के लाल टंकी रोड़ में ऋषि अग्रवाल के घर एवं शहीद चौक के पास आईपीएल मैच दौरान मोबाइल पर लाइव क्रिकेट सट्टा खेले रहे आरोपी ऋषि अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल तथा दूसरी कार्यवाही में रोहित बुटानी को गिरफ्तार कर आरोपियों पर क्रमशः 579, 580/2021 धारा 4(क) जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई थी। आरोपियों से कड़ी पूछताछ में रायगढ़ में क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले कई बड़े खाईवालों के नाम उजागर हुये। एसपी रायगढ़ द्वारा जिले से सट्टा को पूर्णतः निषेधित करने बड़े सट्टा खाईवालों पर



कार्यवाही कराने के निर्देश एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं सीएसपी अविनाश सिंह ठाकुर द्वारा को दिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 18.04.2021 को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सट्टा रेड की कार्यवाही की गई है, जिसका खुलासा आज थाना सिटी कोतवाली में सीएसपी अविनाश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया है।

जानकारी के मुताबिक अप.क्र. 580/2021 के आरोपी रोहित बुटानी द्वारा रायगढ़ में सट्टा खिलाने वाले जिन खाईवालों के नाम बताया था। एडिशनल एसपी व सीएसपी रायगढ़ द्वारा उन खाईवालों के लिंक का पता लगाया गया और लॉकडाउन ड्यूटी में व्यस्त कोतवाली स्टाफ की टीम बनाकर दिनांक 18.04.2021 को एक साथ विभिन्न स्थानों पर रेड कार्यवाही किया गया। टीआई मनीष नागर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा देर शाम की गई कार्यवाही में सट्टा खाईवाल 1-करण चौधरी पिता संजय चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी सिद्धिविनायक कॉलोनी रायगढ़ 2- दीपक बुटानी पिता सत्यनारायण बुटानी उम्र 40 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी रायगढ़ 3-अमन शर्मा पिता रजनीकांत शर्मा 24 वर्ष गद्दी चौंक रायगढ़ 4- विकास अग्रवाल पिता स्व. सुरेश अग्रवाल निवासी 35 वर्ष निवासी बंगलापारा रायगढ़ को हिरासत में लिया गया, जिनके द्वारा 18 अप्रैल 2021 को आईपीएल के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर (आरसीबी) के लाइव क्रिकेट मैच में रुपए का हार जीत का सट्टा एवं बॉल-टू-बॉल पर सट्टा लगाते पाए गए।

चारों आरोपियों से विभिन्न रजिस्ट्रो में लिखित दर्ज करीब 1,35,00,000 रुपए के सट्टा-पट्टी, मैच के दौरान सट्टा लगाने वाले के लिए उपयोग में लाए जा रहे 02 टेबलेट फोन, 35 मोबाइल कीमती 2,75,000 रुपए तथा 3 लैपटॉप मय की-बोर्ड कीमती 1,25,000 रुपए एवं 7 पेन ड्राइव, चार्जर, हेडफोन एवं नकदी 35,100 रुपए को जप्त किया गया। आरोपियों को अप.क्र. 580/2021 धारा 4 (क) सार्वजनिक धुत अधिनियम में संयुक्त आरोपी बनाते हुये प्रकरण में पृथक से धारा 109 आईपीसी जोड़ी गई है। चारों आरोपीगण के मोबाइल व अन्य जप्त रिकॉर्ड से इन खाईवाल के नाम सामने आए हैं - सोनू, जावेद निवासी बीड़पारा, धर्मेंद्र निवासी कोतरारोड़, अरुण निवासी सक्ती जांजगीर, मन्नू खान निवासी इंदिरा नगर, अंकित गुप्ता निवासी गांजा चौंक, रिंकू निवासी गांजा चौंक, शेरा खान निवासी चांदनी चौक, आरिफ निवासी चांदनी चौक, फुन्नु उर्फ विकास अग्रवाल निवासी गांजा चौंक, रौनक अग्रवाल निवासी मंदिर चौंक, आकाश गर्ग निवासी रामनिवास टॉकीज रायगढ़, वसीम खान, पिंटू हलवाई, सानू बेरीवाल बब्बन उर्फ चन्द्री, फारुख निवासी चांदनी चौक के गूगल पे एकाउंट का डिटेल प्राप्त हुआ है जिसमें काफी अधिक रूपयों के ट्रांजैक्शन होने की जानकारी मिली है, जल्द ही इन पर भी कार्यवाही की जावेगी।

## परला में हाथियों ने उत्पात मचाते फिर तोड़ा मकान

**कोरबा (आरएनएस)।** वनमंडल कटघोरा के केंदई व पसान रेंज में 40 हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है, जो परला, कापा नवापारा, सकोरा, सेमरहा व तनेरा गांव में घूम रहे हैं। इन हाथियों में से 27 हाथी परला में सक्रिय हैं।

दल ने रविवार की रात गांव में पहुंचकर भारी उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने अनिल कुमार पिता अच्छेलाल गोंड़ उम्र 30 वर्ष नामक ग्रामीण के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिस समय हाथियों ने यहां मकान को निशाने पर लिया मकान में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। हाथियों के क्षेत्र में आने तथा गांव के निकट पहुंचने की सूचना वन विभाग को पहले ही मिल गई थी जिस पर वन विभाग का अमला तत्काल गांव पहुंचकर ग्रामीणों को मुनादी कराने के साथ ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया था। मकान तोड़े जाने की जानकारी अनिल कुमार को आज सुबह लगी। जब वह अपने घर पहुंचा तो मकान का दीवार व छप्पर टूटा हुआ था। इसकी जानकारी उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी। जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन किया और रिपोर्ट तैयार की, जिसे वन परिक्षेत्र अधिकारी को सौंप दिया गया है। केंदई रेंज के ही कापानवापारा में 4 और सकोरा में 7 हाथी विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों ने बहरहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। उधर पसान रेंज में घूम रहे 8 हाथियों में से 7 सेमरहा तथा एक तनेरा के जंगल में है। फिलहाल इन हाथियों ने यहां कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। वन विभाग द्वारा बड़ी संख्या में हाथियों के जंगलों में घूमने की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए उन्हें जंगल ना जाने की सलाह दी जा रही है। विभाग द्वारा क्षेत्र में लगातार मुनादी कराई जा रही है।

## 24 टन कबाड़ से भरे दो ट्रक जब्त, ड्रायवर सहित मालिक को भी बनाया गया आरोपी

**धरमजयगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही के साथ ही थाना धर्मजयगढ़ अंतर्गत आज दोपहर अवैध कबाड़ पर धरमजयगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा लॉकडाउन ड्यूटी के बीच मुखबीर सूचना पर अंबिकापुर से धर्मजयगढ़ की ओर परिवहन हो रही दो ट्रक सीजी 15 एसी-1814 तथा सीजी 23 बी-0374 को मुख्य मार्ग में पकड़ा गया। ट्रक वाहन क्रमांक सीजी सीजी15 एसी-1814 का चालक मुजाहिद पिता नेहलाउद्दीन उम्र 30 वर्ष निवासी नावाडीह पोस्ट औरंगाबाद जिला औरंगाबाद हाल मुकाम मोमिनापुर कोतवाली अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़) ने बताया कि माल कबाड़ी बाबर खान पिता मोहम्मद फारून खान निवासी अंबिकापुर का है , ट्रक में लोड़ लोहा, टीना के टुकड़े का 14 टन कीमती करीब 3,50,000 रुपए का लोड था।

दूसरे ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 23 बी-0374 का चालक मोहम्मद अफजल आलम पिता मोहम्मद इशाक आलम उम्र 38 वर्ष निवासी मोमिनपुरा पोस्ट अंबिकापुर थाना कोतवाली अंबिकापुर जिला सरगुजा ने भी कबाड़ को बाबर खान का होना बताया। वाहन में करीब 10 टन कबाड़ कीमती



2,20,000 रुपए का लोड था। वाहन चालकों के पास कबाड़ परिवहन के कोई वैध कागजात नहीं होने पर कबाड़ चोरी का होने के संदेह पर दोनों वाहन चालक एवं कबाड़ मालिक बाबर खान के विरूद्ध क्रमशः इस्तगासा 01, 02/2021 धारा 41(1+4) सीआरपीसी /379,34 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। कबाड़ मालिक के गिरफ्तारी के लिये जल्द ही टीम अम्बिकापुर रवाना होगी। अवैध कबाड़ पर की गई इस कार्यवाही में टीआई अंजना केरकेट्टा के हमराह रहे प्रधान आरक्षक श्यामलाल पैंकरा, लक्ष्मी कैवर्त, आरक्षक पुष्पेंद्र एवं विकास तिर्की की सक्रिय भूमिका रही है।

## नही ली है कोविड टीके की पहली डोज, तो जागरूकता दिखाएं और जल्द लगवाएं टीका

### » तीन लाख से ज्यादा लोग ले चुके हैं टीके की पहली खुराक

**रायगढ़ ।** कोरोना महामारी से निपटने के लिये 45 वर्ष से ऊपर सभी को वैक्सीन लगाया जा रहा है। जिन लोगों ने टीका लगवाया है दूसरे सभी पात्र लोगों से अपील कर रहे हैं कि यदि अभी तक टीके की पहली खुराक नही ली है तो जल्द जाकर टीका लगवाएं। चक्रधर नगर बंगलापारा के 62 वर्षीय उग्रसेन साहू ने टीका लगवाकर कहा कि जिन्होंने अभी तक टीका नही लगवाया है उन्हें तत्काल टीकाकरण करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वैक्सीन ही हमारे शरीर को किसी बीमारी, वायरस या संक्रमण से लडने के लिए तैयार करती है। इस वैक्सीन के माध्यम से हम कोरोना जैसी बीमारी से लड़ पायेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी निभायें और जल्द



से जल्द टीकाकरण केन्द्र में जाकर टीका अवश्य लगवायें।

बेलादुला निवासी 50 वर्षीय पंचुराम ने टीका लगवाया। टीका लगवाने के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें पिछले साल जब यह महामारी आयी थी, तबसे इस दिन का इंतजार था कि कब वैक्सीन आये और हम सब टीका लगवाये। उन्होंने कहा कि जितने लोग टीकाकरण के लिए पात्र हैं और अब तक टीका नहीं लगवाया है उन्हें जल्द टीका लगवाना चाहिए।

इसी प्रकार गोवर्धनपुर के 63 वर्षीय जयराम भगत ने कहा कि टीका लगवाने के बाद वे काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दूसरे सभी पात्र लोगों से भी जल्द टीका लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोई असुरक्षा की भावना नहीं रखनी चाहिए। कोरोना का टीका लगने से रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होगी जिससे इस महामारी से हमारी सुरक्षा होगी।

**तीन लाख से ज्यादा लोग ले चुके हैं पहली खुराक-** कोविड टीकाकरण में पूरे जिले में 45 वर्ष से अधिक उम्र के अब तक 3 लाख 07 हजार 513 नागरिकों को टीके का पहला डोज लगाया जा चुका है। इनमें से बरमकेला में 36009, तमनार में 23810, पुसौर में 31383, घरघोड़ा में 16925, धरमजयगढ़ में 44111, लोईंग में 35244, लैलूंगा में 26470, खरसिया में 28837, सारंगढ़ में 44640, रायगढ़ शहरी में 20084 सहित कुल 3 लाख 07 हजार 513 लोगों को टीके की पहली डोज लगायी जा चुकी है।

**ग्रामीण निकले शहरी क्षेत्र से आगे-** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग टीका लगवाने में शहरी क्षेत्रों के लोगों से आगे निकल गए हैं। अब तक के टीकाकरण के आंकड़े को देखें तो बरमकेला, लैलूंगा, घरघोड़ा, तमनार, लोइंग, धरमजयगढ़ में आबंटित लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत लोगों को टीका लगाया जा चुका है। वहीं खरसिया में 95 प्रतिशत और सारंगढ़ में 94 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की जा चुकी है। इस मामले में रायगढ़ शहरी क्षेत्र पीछे रह गया है, यहां आबंटित लक्ष्य के 61 प्रतिशत लोगों ने ही अभी तक टीका लगवाया है।

## अवैध बिक्री के लिये रखी 35 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**धरमजयगढ़।** पुलिस द्वारा आज दिनांक 19.04.2021 को मुखबिर सूचना पर ग्राम बायसी में शराब रेड कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी अंजना केरकेट्टा को ग्राम बायसी में रेशम लाल डनसेना द्वारा घर में अवैध रूप से महुआ शराब के बिक्री करने की सूचना मिली थी। धरमजयगढ़ पुलिस की शराब रेड कार्यवाही में आरोपी रेशम लाल डनसेना पिता भगाऊ राम डनसेना उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बायसी थाना धरमजयगढ़ द्वारा शराब बिक्री करना स्वीकार कर घर से 35 लीटर महुआ शराब कीमती 3,500 रुपए का लाकर पेश किया, जिसे जप्त किया गया है। आरोपी पर थाना धरमजयगढ़ में 34(2),59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

## कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर पहुंची नौ बीआईपीएपी मशीनें

### » वेंटीलेटर के समान मरीजों में ऑक्सीजन आपूर्ति का करती है काम

**रायगढ़।** कोरोना मरीजों के उपचार के लिए अस्पतालों में काफी तेजी से संसाधनों की व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर भीम सिंह की पहल से आज 200 बिस्तर मेडिकल कॉलेज कोविड अस्पताल में नौ ठपच।च् मशीन पहुंची हैं। यह एक ऐसी मशीन है जिसका उपयोग वेंटिलेटर के समान ही उन मरीजों के लिए किया जाता है जिनके फेफड़े पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नही खींच पा रहे



हैं। इन मशीनों के आने से कोरोना के गंभीर मरीजों के उपचार से जुड़ी सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी।

**कैसे करती है बीआईपीएपी मशीन काम-** इस मशीन का इस्तेमाल फेफड़ों से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए, सांस लेने में दिक्कत महसूस करने पर किया जाता है। यह मशीन फेफड़ों के उस हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंचाती है जहां ऑक्सीजन पहुंचने में रुकावट होती है। ये जहां ऑक्सीजन नहीं पहुंच रही वहां दो तरह के ऑक्सीजन प्रेशर फेफड़ों तक पहुंचाती है। फेफड़े के सामान्य हिस्से में प्रेशर को कंट्रोल भी करती है। कोरोना के समय में इस मशीन का इस्तेमाल उन मरीजों के लिए किया जा रहा है, जिनके फेफड़े ऑक्सीजन खींचने में पूरी तरह से सक्षम नहीं होते। साथ ही उनके लिए भी जिनका स्श्चश्2/ ऑक्सीजन सैचुरेशन लेवल कम हो जाता है। बीआईपीएपी मशीन मरीज के सांस लेने के रिदम को मैनेज करती है। जिससे मरीज को जरूरी मात्रा में ऑक्सीजन मिलता रहता। बीआईपीएपी मशीन से कोरोना के काफी मरीज ठीक हुए हैं।

## मनरेगा अंतर्गत रोजगार देने के मामले में रायगढ़ जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर, कोरोना काल में भी मजदूरों को मिल रहा मनरेगा में काम

### » 713 ग्राम पंचायतों में 74968 पंजीकृत मजदूर है कार्यरत

**रायगढ़।** वर्तमान में वैश्विक महामारी (कोविड-19) के कारण रोजगार में भारी कमी आई है परन्तु रायगढ़ जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत मजदूर जो महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत पंजीकृत है। उन्हें पर्याप्त मात्रा में आवश्यकतानुसार कार्य उपलब्ध कराये जा रहें है। जिले के समस्त 09 विकासखण्डों के 713 ग्राम पंचायतों में 3434 कार्यों में 74968 मजदूर कार्यरत है। प्रदेश में रोजगार देने के मामले में रायगढ़ जिला दूसरे स्थान पर है। मजदूरों को 193 रूपये प्रति दिवस के दर से मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है।

जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजनांतर्गत स्वीकृत समस्त कार्यों को खोल दिया गया है। जिला पंचायत रायगढ़ जिले में एक लाख मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबध्द है। अधिक से अधिक मजदूरों को योजनान्तर्गत रोजगार उपलब्ध कराने से ग्रामीण क्षेत्रों में वैश्विक महामारी (कोविड-19) काल में लाभ मिल रहा है। इस दौरान कोविड प्रोटोकाल का भी पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।



मनरेगा के तहत लिये जाने वाले कार्यों नवीन तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण कार्य, भूमि सुधार कार्य, डबरी निर्माण कार्य, कुंआ निर्माण कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, गाय, मुर्गी एवं बकरी कोठा निर्माण कार्य जो मनरेगा के तहत स्वीकृति योग्य है उन समस्त कार्यों को अधिकतर मात्रा में स्वीकृत की गई है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में मांग के आधार पर पर्याप्त कार्य उपलब्ध है। जिले में प्रतिदिन लेबर संख्या बढ़ रही है जिसमें विकासखण्ड बरमकेला में 12469, धरमजयगढ़ में 8584, घरघोड़ा में 5709, खरसिया में 8413, लैलूंगा में 8544, पुसौर में 7537, रायगढ़ में 5053, सारंगढ़ में 13266, तमनार में 3844 मजदूर कार्यरत है। विकासखण्ड बरमकेला में 325, घरमजयगढ़ 617, घरघोड़ा में 487, खरसिया में 380, लैलूंगा में 465, पुसौर में 408, रायगढ़ में 307, सारंगढ़ में 402, तमनार में 3020 कार्य प्रगतिरत है। कोविड-19 को लेकर जिला पंचायत सतर्क है। लगातार प्रतिदिन रोजगार मूलक कार्यों की स्वीकृति की जा रही है ताकि ग्रामीणों को कार्य के लिये बाहर न जाना पड़े। 08 अप्रैल 2021 को जिले में सक्रिय जॉब कार्ड 177416 है जिसमें 321174 सक्रिय मजदूर है। जिसमें समस्त मजदूरों को कार्य प्रदाय करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार मनरेगा के क्षेत्रीय अमला अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उप अभियंता, तकनीकी सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायकों को संलग्न किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480